26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 18 जनवरी, 2026

अंक- 86 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# सांसों पर 'आफत' काल

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता 493 पहुंचा

नयी दिल्ली, ( एजेंसी/चिंगारी )। राष्ट्रीय राजधानी वायु प्रदूषण ने लोगों को जीना दुश्वार कर दिया है और रविवार को यहां के आनंद विहार में वायु गुणवत्ता ( एक्यूआई ) औसतन 493 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ( सीपीसीबी ) के अनुसार दिल्ली में आज सुबह यहां के ज्यादातर हिस्सों में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में दर्ज किया गया। बोर्ड के अनुसार आनंद विहार में हवा की गुणवत्ता सबसे खराब रही, जहाँ एक्यूआई 493 दर्ज किया गया। इसके बाद रोहिणी में यह 488 रहा। इसके अलावा वज़ीरपुर में एक्यूआई 483 और बवाना में 478 दर्ज किया गया। द्वारका सेक्टर -8 में सुबह करीब नौ बजे एक्यूआई 471 और जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 470 दर्ज किया गया। वहीं, चांदनी चौक में एक्यूआई 466 के साथ गंभीर प्रदूषण रहा, जबकि नज़फ़गढ़ में तुलनात्मक रूप से कम लेकिन फिर भी सेहत के लिए खराब रहा। यहां पर एक्यूआई 307 दर्ज किया गया।

# मौनी अमावस्या पर संगम तट पर बवाल

## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के रथ को संगम जाने से रोका, साधुओं से धक्का-मुक्की

प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )। प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने मौनी अमावस्या पर स्नान से मना कर दिया है। उन्होंने अपनी पालकी बीच रास्ते से अखाड़े में लौटा दी है। बताया जाता है कि जब वे अपनी पालकी से अखाड़े से निकलकर संगम नोज पर जा रहे थे, तभी उनके शिष्यों से यूपी सरकार के गृह सचिव मोहित गुप्ता ने धक्कामुक्की शुरू कर दी। जिसके बाद बवाल बढ़ गया और अविमुक्तेश्वरानंद ने स्नान से ही मना कर दिया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मेरे शिष्यों से मारपीट हो रही है। अधिकारी मारने का इशारा कर रहे हैं, इसलिए स्नान नहीं करूंगा। बता दें कि मौनी अमावस्या पर संगम नगरी प्रयागराज में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ रहा हैं। इस मौके पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात है। पुलिस अफसर कंट्रोल रूम से लेकर संगम नोज तक रात से ही पेट्रोलिंग कर रहे हैं। वहीं, शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को संगम स्नान से रोकने पर समर्थकों का गुस्सा फूट पड़ा है। बवाल बढ़ने की आशंका पर पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। शंकराचार्य के समर्थकों ने पांटून पुल संख्या चार के पास तोड़फोड़ की है। बैरिकेडिंग आदि को तोड़ दिया गया है।



शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी

श्री अतुल टंडन जी

(धर्मपुत्र स्व. श्रीमती कामिनी & स्व. श्री एस.के.टंडन जी)

का स्वर्गवास दिनांक 09.01.2026 को हो गया है।

तेहरवी & रसम पगड़ी

सोमवार, 19 जनवरी 2026 को

सांय 3 बजे होगी

स्थान :

जैन धर्मशाला, नई बस्ती बिजनौर

पार्किंग स्थल : जैन भवन समीप भारत पेट्रोलियम पेट्रल पंप

-: शोकाकुल :-

माला टंडन (पत्नी), सुधीर - किरण टंडन (भाई - भाईवधु), विख्यात - मैहर टंडन (पुत्र-पुत्रवधु),

तरुण - अपूर्वी कपूर ( बेटी - दामाद), वैभव टंडन,वासु टंडन एवं समस्त टंडन परिवार

Mob No: 7830099442, 9927542077



गीजर ही गीजर





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्व, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**सोमवार, 19 जनवरी 2026**

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, कार्य व्यवसाय में उन्नति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, रचनात्मक क्रियाकलापों में अभिरुचि, शिक्षा प्रतियोगिता में अनुकूलता।

वृषभ- आज दिन 4/41 बजे तक कठिनाइयां, कार्यों के प्रति उदासीनता, योजना अधूरी, शेष समय बेहतर, परोपकार की भावना जागृत, कुछेक कार्य बनने को।

मिथुन- आज दिन 4/41 बजे तक लाभ का सुयोग, स्वाध्याय की ओर रुझान, धर्म-अध्यात्म में आस्था, शेष समय अशुभ, सफलता में संदेह, आय में न्यूनता।

कर्क- स्वास्थ्य अनुकूल, इच्छित कार्यों में प्रगति, आत्मबल में वृद्धि, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, विवादास्पद मसला सुलझने को, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति।

सिंह- इच्छित कार्यों में सफलता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, यात्रा सुखद।

कन्या- आज दिन 4/41 बजे तक प्रतिकूलता, उलझनें उपस्थित, कार्यों में गतिरोध, हानि की आशंका, शेष समय आशाजनक, कार्यों में सफलता, पठन-पाठन में रुचि।

तुला- आज दिन 4/41 बजे तक अनुकूलता, स्वास्थ्य में सुधार, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, शेष समय में स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कार्य क्षमता में कमी, मित्रों से गलतफहमी।

वृश्चिक- अभिलाषा की पूर्ति, स्वास्थ्य सुधार पर, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, वैवाहिक जीवन सुखमय।

धनु- चिरवांछित कार्यों में प्रगति, समस्या के समाधान हेतु स्वजनों से विचार-विमर्श, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, हर्ष भी।

मकर- आज दिन 4/41 बजे तक स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, कठिनाइयां प्रभावी, लाभ में कमी, शेष समय बेहतर, आत्मसंयम से कार्यसिद्धि, पठन-पाठन में रुचि।

कुम्भ- आज दिन 4/41 बजे आर्थिक व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, दाम्पत्य जीवन में प्रगाढ़ता, शेष समय आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में असन्तोष, अकारण भ्रमण।

मीन- ग्रहस्थिति भाग्य पक्ष में, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, किसी के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, राजनैतिक कृत्यों में संलग्नता, यात्रा संतोषजनक।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# अपने नाम को सार्थक कर रहे हितेश कुमार अब तक अर्थियां बना चुके दो हजार

-चौ. ब्रह्मपाल सिंह

Sunday विशेष

बिजनौर (चिंगारी)। दुनिया की इस भीड़ में अधिकतर व्यक्ति अब आपको ऐसे मिलेंगे, जो केवल अपने लिए जीते हैं और ऐसे इंसान तो शायद बहुत खोजने पर ही मिलेंगे, जो दूसरों के लिए भी जीते हैं। गैरों की मदद करना, परोपकार करना या नि:स्वार्थ भाव से दूसरों के काम आना इंसान के जीवन का एक महत्वपूर्ण अर्थ और उद्देश्य है। परंतु इसका पालन कुछ लोग ही करते हैं। बिजनौर निवासी ऐसे ही एक प्रेरणादायक शख्सियत का नाम है हितेश कुमार चौहान, जो जीवन के अर्थ और उद्देश्य के साथ अपने नाम के पीछे छिपे अर्थ को भी साकार करते हुए जीवन जी रहे हैं।

हितेश कुमार चौहान (70 वर्ष) जिनका अपनी आजीविका चलाने के लिए बिजनौर में गन्ना समिति के पास शीशा कटिंग करने का छोटा सा काम है, परंतु सामाजिक जीवन में वह नि:स्वार्थ भाव से भलाई का बहुत बड़ा और महान कार्य करते हैं। हितेश नाम का अर्थ ही 'भलाई का स्वामी' होता है। अपने नाम के अर्थ को साकार करते हुए हितेश कुमार चौहान एक सूतकधारी के रूप में समाज की



नि:स्वार्थ भाव से सेवा कर रहे हैं। बीते 25 वर्षों से वह अर्थी बनाने का कार्य कर रहे हैं और इस काम के लिए वह किसी से कुछ लेते नहीं हैं। शहर में जब भी किसी व्यक्ति की मृत्यु होने की खबर हितेश कुमार को लगती है तब वह न तो अपनी दुकान और काम की कोई परवाह करते हैं, न मरने वाले से कोई रिश्ता-नाता तलाश करते हैं और न ही मृतक की

> अर्थियां बनाने के अतिरिक्त शवयात्रा में शामिल होकर अर्थी को कंधा देना और पिंडदान स्थल तक शवयात्रा में शामिल होना भी वह अपना नैतिक दायित्व मानते हैं। उन्हें कभी कितना भी ज़रूरी काम क्यों न हो, अगर उन्हें कोई शवयात्रा दिखाई पड़ जाए तब वह अपना कार्य छोड़कर शवयात्रा में शामिल होते ही हैं।

कभी जाति पता करते हैं, बस इंसानियत के रिश्ते को मानते हुए बिन बुलाए ही उनके पग उस शोकाकुल घर की ओर चल पड़ते हैं, जहां पहुंचकर वह अर्थी बांधने के कार्य को अपना धर्म-कर्म समझते हुए करने लग जाते हैं।

हितेश कुमार बताते हैं कि बीते ढाई दशक से वह अर्थी बनाने का काम कर रहे हैं। अब तक बिजनौर शहर में वह दो हजार से अधिक अर्थियां बना चुके हैं। शहर का शायद ही कोई ऐसा गली मुहल्ला हो जहां उन्होंने अर्थी न बनाई हो। कभी-कभी तो एक ही दिन में उन्होंने 4 से 5 तक अर्थियां भी बनाई हैं। अर्थी बनवाने के लिए जब भी कोई व्यक्ति उनकी दुकान पर उन्हें अपने साथ लेने के लिए पहुंचता है तब वह तुरंत ही उसके साथ चल पड़ते हैं, इसके अलावा अगर कोई उन्हें बुलाने भी न आए और उन्हें किसी की मृत्यु होने का समाचार मिल जाए, तब भी वह बिन बुलाए ही अपना काम बीच में ही छोड़कर अर्थी बनाने पहुंच जाते हैं।

## कोरोना के दौरान अपनी जान की परवाह किये बिना अर्थियां बनाईं

वैश्विक महामारी कोविड (कोरोना) के दौर में जब हर तरफ डर और भय का माहौल था और हर किसी को अपनी जान की चिंता थी, जब लोग अपने घरों में कैद थे और अपने सगों के दु:ख में भी शरीक नहीं हो रहे थे, तब उस भयावह दौर में भी हितेश कुमार चौहान ने अपनी व परिवार की जान की कोई परवाह न करते हुए मृत लोगों के घरों पर पहुंचकर हर दिन अर्थियां बनाई थीं। तब कोविड पैंडेमिक बीमारी से जिन लोगों की अस्पतालों में मौतें हुई थीं, उन मृत व्यक्तियों की अर्थियां बनाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन के लोगों के बुलावे पर उन्होंने अस्पतालों में पहुंचकर भी अर्थियां बनाई थीं, मगर ईश्वरीय कृपा से तब वह इस बीमारी से संक्रमित भी नहीं हुए थे।

# कांग्रेस कभी भारत की विरासत का सम्मान नहीं कर सकती- योगी

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को काशी में कहा कि कुछ लोग काशी की विरासत को हमेशा बदनाम करने की कोशिश करते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण कार्य चल रहा था, तब भी कुछ तत्वों ने साजिशें रचीं। 2019 में कार्य शुरू होने से 2021 तक लगातार विरोध और साजिशें जारी रहीं। उन्होंने यहां तक किया कि मूर्तियां बनाने वाली दुकानों से टूटे हुए मूर्तियों के अवशेष इकट्ठा कर सोशल मीडिया पर वायरल करके बदनाम करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा, भारत की आस्था को अपमानित करने वाली कांग्रेस कभी भी भारत की विरासत का सम्मान नहीं कर सकती। कांग्रेस लगातार भारत की विरासत का अपमान करती रही है। उदाहरण के लिए, जब द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार



का कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल ने आगे बढ़ाया, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इसका विरोध किया। उन्होंने राष्ट्रपति को प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में न जाने के लिए पत्र लिखा। यह भारत की विरासत के अपमान का स्पष्ट उदाहरण है। योगी आदित्यनाथ ने आगे कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद यह दावा करना कि मंदिर तोड़े गये हैं, सरासर झूठ है। इससे बड़ा सफेद झूठ और कुछ नहीं हो सकता। वास्तव में मंदिरों का पुनरुद्धार किया गया है। पहले जो मंदिर जीर्ण-शीर्ण हालत में थे, उनका जीर्णोद्धार किया गया और वे आज भी उसी स्वरूप में मौजूद हैं। उन्होंने माता अन्नपूर्णा की मूर्ति का उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग सौ वर्ष पहले माता अन्नपूर्णा की मूर्ति चोरी होकर यूरोप (कनाडा) पहुंच गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से वह मूर्ति वापस काशी लाई गई और बाबा विश्वनाथ धाम में स्थापित की गई। 1947 से 2014 तक कांग्रेस की सरकारें लगभग लगातार रही हैं, लेकिन उन्होंने इस दिशा में कोई प्रयास नहीं किया। उन्हें भारत की विरासत का सम्मान नहीं था और वे विरासत के सम्मान से परहेज करती रहीं।

सांसद चंद्रशेखर ने बिजलीवालों की क्लास ली ( पेज 10 )



# मुस्कान का सुराग लगाने में पुलिस नाकाम

## नागरिकों में बढ़ रहा आक्रोश

**नहटौर ( चिंगारी )।** मोहल्ला जोशियान से 15 वर्षीय नाबालिग बालिका मुस्कान के लापता हुए चार महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज परिजनों में भारी रोष व्याप्त है।

19 सितंबर को मोहल्ला जोशियान निवासी स्वर्गीय अरविंद शर्मा की पुत्री मुस्कान गत वर्ष 19 सितंबर को शाम करीब 5 बजे घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकली थी, जिसके बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मुस्कान की मां रीना ने 20 सितंबर को नहटौर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुस्कान की बरामदगी को लेकर पुलिस व एसओजी सहित अन्य टीमों को जांच में लगाया। पुलिस ने जांच के दौरान कॉल डिटेल के आधार पर एक दर्जन से अधिक युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस सबूत या सुराग हाथ नहीं लगा। पीड़िता की मां ने पुलिस अधीक्षक से भी मिलकर अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई थी। परंतु चार महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। लापता नाबालिग बेटी का पता न चलने से परेशान परिजनों का कहना है कि लंबी अवधि बीत जाने के बावजूद पुलिस केवल आश्वासन दे रही है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द मुस्कान को बरामद करने की मांग की है।

### बोले थानाध्यक्ष...

**नहटौर थानाध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि पुलिस टीम पूरी तत्परता से काम कर रही है। बालिका की बरामदगी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।**

# 10 वर्षीय बालक की हत्या में टिंकू को आजीवन कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपर जिला एवं सत्र न्यायालय और फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय की न्यायाधीश अलका चौधरी ने अवैध संबंधों का पता चलने पर दस वर्षीय बालक की गला घोंटकर हत्या करने के मामले में टिंकू को दोष सिद्ध पाकर आजीवन कारावास और 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने साक्ष्य के अभाव में संदेह का लाभ देकर महिला को बरी कर दिया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद शर्मा के अनुसार वादी उमेश कुमार पुत्र नौबहार सिंह निवासी गांव लिंडरपुर थाना नूरपुर ने 16 जनवरी 2023 को थाना चांदपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका दस वर्षीय भांजा वरुण पुत्र ओमपाल सिंह निवासी गांव जाफरपुर कोट थाना चांदपुर शाम चार बजे खेलते समय कहीं चला गया । काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। तहरीर में बालक की तलाश करने की मांग की गई। इस मामले में अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की गई। विवेचना में बालक की हत्या में टिंकू पुत्र चुन्नी निवासी गांव जाफरपुर कोट थाना चांदपुर और एक महिला का नाम प्रकाश में आया। विवेचना में पता चला कि टिंकू के उक्त महिला से अवैध संबंध थे, जिसकी जानकारी वादी के भांजे वरुण को लग गई थी। बालक वरुण को जानकारी मिलने के कारण ही अभियुक्त ने उसकी गला घोंटकर हत्या की और उसके शव को जंगल में साक्ष्य मिटाने की नीयत से डाल दिया। पुलिस ने विवेचना के बाद टिंकू और एक महिला के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में पेश किया। इस मामले में सुनवाई के दौरान इस घटना में टिंकू की संलिप्तता पाई गई, जबकि महिला के खिलाफ गवाह घटना को सही साबित करने में नाकाम रहे। इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश अलका चौधरी ने आरोपी टिंकू को उम्रकैद और 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## अफसोस! मानवता गुम हो रही-क़ाज़ी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काजी ज़ियाउर्रहमान ने मानवता पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान जितनी तरक्की कर रहा है इतना ही हम मानव सवेदनों से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब कोई दुर्घटना होती थी तो सब बेचैन हो जाते थे लेकिन आज लोग हिंदू-मुस्लिम देखते हैं। हम संप्रदाय और समुदाय में बंटकर रह गए। राष्ट्र से हमें कुछ लेना-देना नहीं रहा। इस खुदगर्ज़ी के दौर में मानवता गुम होती जा रही है। आखिर हम आने वाली नसलों को क्या देकर जाना चाहते हैं।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
गोल्ड टेस्टिंग मशीन

अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं

अन्य सेवाएं-
➢100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➢डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➢22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

# बार कौंसिल के चुनाव में हुआ 80 फीसदी मतदान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के चुनाव में कुल 80 फीसदी वोट पड़े। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो दिन चला मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ।

शुक्रवार व शनिवार को जजी परिसर के सेंट्रल बार हॉल में मतदान हुआ। कुल 2245 मतदाताओं में से 1837 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कल दिन भर अधिवक्ताओं की लम्बी कतारें लगी रहीं। जजी परिसर के दोनों गेट पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। बार कौंसिल का चुनाव कुल चार चरणों में होना है। पहले चरण का मतदान शुक्रवार व शनिवार को सम्पन्न हुआ। मुख्य रूप से बाबू बलवंत सिंह और शाहनवाज राणा के समर्थन में अधिवक्ताओं में उत्साह देखा गया। अन्य प्रत्याशियों के समर्थक भी सक्रिय रहे। दोनों दिन अदालतों में न्यायिक कार्य नहीं हो सका। बाबू बलवंत सिंह ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

# पाशा ने ज़रूरतमंदों को कंबल, दिव्यांगों को उपकरण बांटे

**बुढ़नपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को नूरपुर-स्योहारा मार्ग पर स्थित पार्कर पब्लिक स्कूल बुढ़नपुर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा द्वारा दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं तथा गरीब मजदूरों को 1300 कम्बल एवं दिव्यांगों को 4 व्हीलचेयर, 10 ट्राई साइकिल, वैशाखी व अन्य उपकरण का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक अशोक कुमार राणा, सीडीओ रणविजय सिंह, प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा, जीएम अवध शुगर मिल स्योहारा सुखवीर सिंह, ब्लॉक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चौहान, पूर्व चेयरमैन स्योहारा अख्तर जलील, डीपीसीआरसी सीनियर फैकल्टी मैनेजर सतेन्द्र शर्मा, राज्य प्रशिक्षक ईशांत शर्मा, स्कूल प्रबंधक उमेश राणा, भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य हाजी शहजाद मलिक और एमआर पाशा कम्बल, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, वैशाखी व अन्य उपकरण वितरित किये गये।

एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा व वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम, नसीम अहमद तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन इशांत शर्मा व इकराम ठेकेदार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सरताज अंसारी, जिला अध्यक्ष मौ. शाकिर, मौ. आजम अंसारी, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, मौ. शाहे आलम, सुशील, नकुल, विदेश, मास्टर अफजाल, नाजिम मलिक, फहीम रायपुर, दिलशाद कोटकादर, अजमल, सितारे आलम, इंतजाम, इकराम ठेकेदार, मौलाना फहीम उस्मानी आदि मौजूद रहे।



### पाशा दिव्यांगों के लिये प्रेरणास्रोत : राणा

विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि एमआर पाशा वर्षों से नि:स्वार्थ भाव से दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं और गरीब मजदूरों की सेवा में लगे हुए हैं। उनका संगठन समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए जिस प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है, वह वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि एमआर पाशा दिव्यांगों के लिये प्रेरणास्रोत हैं।

### संघर्ष की मिसाल हैं एमआर पाशा : सीडीओ

सीडीओ रणविजय सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के अध्यक्ष एमआर पाशा द्वारा हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले नि:शुल्क वितरण कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करते हैं। सहायक उपकरणों और आवश्यक सामग्री के माध्यम से दिव्यांगों को आत्मनिर्भर बनाने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह समाज में एक मजबूत संदेश देता है। पाशा का संघर्ष दूसरों के लिये प्रेरणा का स्रोत है।

### पाशा के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए : डॉ. मनोज वर्मा

वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. मनोज वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जब समाज में स्वार्थ की भावना बढ़ती जा रही है, ऐसे में एमआर पाशा जैसे व्यक्ति समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम दिव्यांगों, वृद्धों, विधवाओं और गरीब मजदूरों के जीवन में राहत पहुंचाने का कार्य कर रहा है। सहायक उपकरणों और कम्बलों के वितरण से जरूरतमंदों को न केवल सहायता मिली है, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

# आरजेपी कॉलेज की रासेयो इकाई के विशेष शिविर का शुभारंभ

**बिजनौर ( चिंगारी )।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन शनिवार को मुख्य अतिथि स्वाति वीरा महाजन, विशिष्ट अतिथि डा. निशांत यादव पर्यवेक्षक अधिकारी, प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल एवं कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार यादव तथा चंद्रहास सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि स्वाति वीरा महाजन ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य लोगों के साथ मिलकर कार्य करना, स्वयं को सृजनात्मक और रचनात्मक सामाजिक कार्यों में प्रवृत्त करना, स्वमं तथा समुदाय की ज्ञान वृद्धि करना तथा समुदाय के कमजोर वर्ग की सेवा के लिए स्वयं में इच्छाएं जागृत करना है।



शिविर में बोलते हुए स्वाति वीरा।

इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ, सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार, सुधीर राजपूत, सुबास बाबू, नरेंद्र सिंह, बालेश कुमार, विनोद कुमार यादव, भूपेंद्रपाल सिंह, वीरेंद्र कुमार यादव, मो. अनस, प्रदीप कुमार, नरेश कुमार, जयप्रकाश पटेल, वाजिद हुसैन, रेडियो संदेश बिजनौर की टीम के कोर सदस्य सुनील भारद्वाज, अजय उपाध्याय, श्यामल मंडल, शबाना बेग, ललित राठी, संग्राम सिंह, डॉ. शबनम, सारिका चौधरी आदि उपस्थित रहे।


DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.




# सड़क सुरक्षा दिवस मनाया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान महाविद्यालय बिजनौर में सड़क सुरक्षा दिवस मनाया गया। इसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम अधिकारियों द्वारा स्वयंसेवकों को शपथ दिलाई गयी। उसके पश्चात् स्वयंसेवकों के मध्य स्लोगन प्रतियोगिता करायी गयी, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने सुरक्षित सड़क परिवहन करने को लेकर अपने-अपने विचार प्रकट किये। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना ने सभी स्वयंसेवकों को परिवहन के दौरान हेलमेट व सीट बेल्ट बांधने के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी मुहम्मद साबिर, डॉ. मेघना अरोरा, डॉ. बबीता चौधरी, डॉ. अनूप कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# गैस सिलेंडर फटने से दुकान क्षतिग्रस्त

## पास की दुकानों में दरार आयी

**बरुकी ( चिंगारी )।** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव ककराला में शुक्रवार देर रात एक हलवाई की दुकान में रखा गैस सिलेंडर अचानक फट गया। धमाका इतना तेज था कि दुकान क्षतिग्रस्त हो गयी और आसपास की दुकानों में भी दरारें आ गईं। गनीमत रही कि घटना के समय दुकान या आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई।

ग्राम लल्लावाला निवासी अमित कुमार गांव ककराला में मिठाई और समोसे की दुकान चलाते हैं। शुक्रवार की शाम उन्होंने अपने घर के लिए एक गैस सिलेंडर खरीदा था, जिसे जाते समय वह अपनी दुकान में रखकर चले गए। रात करीब 11 बजे अचानक सिलेंडर में विस्फोट हो गया। तेज धमाके की आवाज से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और बड़ी संख्या में भीड़ इकट्ठा हो गई। विस्फोट से हलवाई की दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुकान से सटा हुआ एक जनसेवा केंद्र भी इस ब्लास्ट की चपेट में आ गया, जहां रखा लैपटॉप, प्रिंटर, एलईडी, सीसीटीवी कैमरे, फर्नीचर सहित अन्य सामान पूरी तरह टूट गया। प्रारंभिक तौर पर सिलेंडर में गैस रिसाव के कारण ब्लास्ट होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



# मुख्यमंत्री-व्यापारी संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गत बैठक का आयोजन

# व्यापारियों ने जीएसटी संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री व्यापारी संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को महात्मा विदुर मीटिंग हॉल, बिजनौर में जीएसटी विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जीएसटी विभाग के जॉइंट कमिश्नर राजीव ऑथर ने की। इस अवसर पर एसआईबी जॉइंट कमिश्नर प्रीति शर्मा, एडीएम समस्त जीएसटी अधिकारी तथा जिले के विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारी एवं व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष मनोज कुछल ने मांग रखी कि जीएसटी-2 के दौरान व्यापारियों का जो आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का पैसा अटका हुआ है, उसे शीघ्र दिलाया जाए। वहीं जिला महामंत्री मुनीश त्यागी ने बिजनौर में लगने वाले बुध बाजार एवं फड़ वाले बाजारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इनसे विभाग को कोई राजस्व नहीं मिलता, लेकिन व्यापारियों को भारी नुकसान हो रहा है और उनकी बिक्री पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

प्रांतीय संगठन मंत्री बी.एस. राजपूत ने जीएसटी पंजीयन



से संबंधित सवाल उठाते हुए पूछा कि जीएसटी में पंजीयन के लिए कितने टर्नओवर की आवश्यकता होती है। इस पर जॉइंट कमिश्नर राजीव ऑथर ने स्पष्ट किया कि जिन व्यापारियों का सालाना टर्नओवर 40 लाख रुपये है, वे जीएसटी के दायरे में आते हैं। इससे कम टर्नओवर वाले व्यापारियों पर जीएसटी अनिवार्य नहीं है। हालांकि वे स्वेच्छा से पंजीयन कराकर दुर्घटना बीमा, बैंक ऋण सहित अन्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

जिला उपाध्यक्ष गुलाब साबिर ने 60 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध व्यापारियों के लिए जीएसटी विभाग द्वारा पेंशन सुविधा की मांग रखी। जॉइंट कमिश्नर राजीव ऑथर ने जानकारी दी कि समाधान योजना के अंतर्गत 40 लाख से लेकर डेढ़ करोड़ रुपये तक का वार्षिक व्यापार करने वाले व्यापारी आते हैं, जिन्हें त्रैमासिक रिटर्न दाखिल करना होता है तथा अपनी बिक्री का 1 प्रतिशत टैक्स जमा करना होता है। बैठक में भट्ठा संगठन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। जीएसटी जॉइंट कमिश्नर राजीव ऑथर ने सभी प्रश्नों का बड़े ही विनम्र एवं सार्थक ढंग से उत्तर दिया।

## निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाया जाएगा : राहुल वर्मा

### नईम अहमद को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** व्यापारी एकता परिषद की बैठक शनिवार को एक प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी ने तथा संचालन जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी व जिला मंत्री राजीव कुमार ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा व प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद अंसारी उपस्थित रहे। राहुल वर्मा ने बताया कि आने वाले मई माह में संगठन की दूसरी वर्षगांठ मनाई जाएगी। राहुल वर्मा ने बताया कि निष्क्रिय पदाधिकारियों को संगठन से निष्कासित कर उनके स्थान पर सक्रिय पदाधिकारी को स्थान दिया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नईम अहमद अंसारी को व्यापार प्रकोष्ठ अल्पसंख्यक का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया, साथ ही आशुतोष सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष एवं सपनदास प्रधान को विशेष आमंत्रित सदस्य जिला कार्यकारिणी मनोनीत किया गया। मुकेश भाटिया को संगठन का नगर संरक्षक मनोनीत किया गया। बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष राजीव वर्मा, जिला महामंत्री प्रशांत चौधरी, जिला प्रभारी मुकेश दाहिया, जिला मंत्री राजीव कुमार, जिला मंत्री फहीम अहमद, जिला प्रचार मंत्री अजीम अहमद, जिला मंत्री हितेंद्र खरबंदा, अंशुल कुमार, रामेंद्र सिंह और सिद्धार्थ कुमार, दिवेश कुमार, मयंक, कफ़ील अहमद विराज आदि उपस्थित रहे।

## चलाकर अभियान, तीन के काटे चालान





**बिजनौर (चिंगारी)।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शनिवार को मुन्नालाल, यात्रीकर अधिकारी, बिजनौर द्वारा जनपद के विभिन्न मार्गो पर माल वाहनों में ओवरलोडिंग तथा माल वाहनों में सवारी ढोने के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत 03 वाहनों के चालान एवं 02 वाहनों के विरूद्ध बन्द की कार्यवाही की गयी। वाहन चालकों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गयी तथा वाहनों के चालकों को सीट बेल्ट के प्रयोग की अनिवार्यता के सम्बन्ध में प्रेरित किया गया, जिससे कोई दुर्घटना घटित न हो और जीवन सुरक्षित रहे।

## जिलाधिकारी ने किया निर्माणाधीन नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग का निरीक्षण

### निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की

### पूर्ण गुणवत्ता के साथ 15 अप्रैल तक कार्य पूरा करने के निर्देश

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को निर्माणाधीन नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग का निरीक्षण करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक एवं कार्यदाई संस्था को समयबद्धता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा जानकारी प्राप्त करने पर एनएचआई के परियोजना निदेशक ने बताया कि पहले 5 किलोमीटर में मार्ग निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि आगे 5 किलोमीटर मार्ग पर कार्य प्रगति पर है तथा शेष मार्ग में आरबीएम डाला जा चुका है, दूसरा फेस मुकम्मल होने के बाद अंतिम चरण के सड़क निर्माण का कार्य तत्काल शुरू कर दिया जाएगा। परियोजना निदेशक द्वारा यह भी बताया गया कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोई वैधानिक रुकावट नहीं है और 15



अप्रैल 2026 तक कार्य को पूर्ण किया जाना है। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी को कड़े निर्देश दिये कि निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण मानक के अनुसार पूरा कराना सुनिश्चित करें और उसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को समय-समय पर चेक करते रहें ताकि किसी स्तर पर भी अनियमितता न होने पाए और न ही घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाना संभव हो सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नजीबाबाद तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## पेंशन क्रांति महासम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान

**बिजनौर (चिंगारी)।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच के तत्वावधान में टीईटी अनिवार्यता एवं एनपीएस-यूपीएस व निजीकरण को लेकर इंदिरा बाल भवन बिजनौर में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता के लिए सिंचाई विभाग में स्थित फील्ड हॉस्टल में संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला संरक्षक देशराज सिंह की अध्यक्षता व अटेवा जिला कोषाध्यक्ष विनीत कुमार गहलोत के संचालन में सभी विभागीय संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। बैठक को सम्मिलित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी ज़ोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने आगामी 15 फरवरी को होने वाले पेंशन क्रांति मार्ग सम्मेलन को सफल करने का आह्वान करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार है। यदि सभी संगठित होकर संघर्ष करेंगे तो निश्चित सुखद परिणाम मिलेंगे। संयुक्त राज्य कर्मचारी परिषद के जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा व डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री राहुल राठी व राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह, जिला मंत्री अमर सिंह ने कहा कि आगामी 15 फरवरी का महासम्मेलन ऐतिहासिक होगा, जिसमें जनपद के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सुशील कुमार, अटेवा जिला महामंत्री सुभाष यादव, जिला मंत्री अनुज कुमार मनचंदा, अभिषेक सिंह, राज आर्यन कुमार आदि ने संबोधित किया।

# सभी होटलों के मेन्यू में पारंपरिक उत्तराखंडी व्यंजन शामिल करने के निर्देश

## मुख्यमंत्री धामी ने शेफ समुदाय से किया संवाद

**नैनीताल (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आम्रपाली विश्वविद्यालय परिसर से आयोजित श्रीअन्न आधारित शेफ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े युवा शेफ, होटल एवं पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञ, शिक्षाविद् एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों, श्रीअन्न आधारित खानपान और इससे जुड़े रोजगार व पर्यटन अवसरों पर सार्थक संवाद स्थापित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से युवा शेफों ने उत्तराखंड के पारंपरिक भोजन के प्रचार-प्रसार, गुणवत्ता मानकों, सरकारी प्रयासों और इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को लेकर अनेक प्रश्न किये। शेफ शक्ति प्रसाद के प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी होटलों के मेन्यू में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री आवास तथा विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में मेहमानों को उत्तराखंड का पारंपरिक भोजन प्राथमिकता से परोसा जाता है, जिससे स्थानीय व्यंजनों को सम्मान और पहचान मिल सके। शेफ संजीव जुयाल द्वारा उत्तराखंड के



सभी शेफों को एक साझा मंच पर लाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में पर्यटन विभाग को एक समग्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि राज्य के शेफ समुदाय को एक अंब्रेला प्लेटफॉर्म के तहत जोड़ा जा सके और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिल सकें।

वहीं, शेफ सुनील उपाध्याय द्वारा पारंपरिक उत्तराखंडी भोजन की शुद्धता, प्रमाणिकता और मानक तय करने को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से कार्य कर रही है। पारंपरिक व्यंजनों की गुणवत्ता बनाए रखने, उनकी पहचान संरक्षित करने और मानकीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि उत्तराखंड के स्वाद की मौलिकता बनी रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह संवाद केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और पहचान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी शेफ साथियों, होटल एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विषय विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए आम्रपाली विश्वविद्यालय और उसकी पूरी टीम को इस विचारशील और सार्थक 'शेफ संवाद' कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने शेफ समुदाय से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि सभी मिलकर उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों को 'लोकल से ग्लोबल' बनाने की दिशा में कार्य करें। उनकी रचनात्मकता और प्रस्तुति उत्तराखंड के स्वाद को दुनिया की थाली तक पहुंचा सकती है। इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत, आम्रपाली विश्वविद्यालय से संजय मिश्रा सहित देश भर से आए अनेक प्रतिष्ठित शेफ उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया 60 मरीजों ने उसका लाभ उठाया



**धामपुर (चिंगारी)।** सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 196वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर नीलम होम्योपैथिक क्लिनिक कालागढ़ रोड, स्टेट बैंक के पास आयोजित किया गया। शिविर में 60 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गईं। शनिवार की शाम को शिविर का उद्घाटन डॉ. एके सक्सेना, डॉ. कुशाग्र सक्सेना, डॉक्टर सुरेंद्र राजपूत आदि ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल सर्जन एवं डॉ. एके सक्सेना ने 60 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गईं। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं। शिविर में पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश एवं शहर अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किये गये। शिविर को सफल बनाने में साहिल अखिलेश पंकज गौरव हिमांशु कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान रहा।

## कल मनाई जायेगी महाराणा प्रताप की पुण्य तिथि

**धामपुर (चिंगारी)।** कल 19 जनवरी (सोमवार) को सायं 5 बजे वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर आर.एस.एम. चौक, धामपुर पर स्थित महाराणा प्रताप स्मृति वाटिका स्थल पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर महाराणा प्रताप जी के शौर्य, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। इस आशय की जानकारी जयवीर सिंह सिसोदिया, जिला अध्यक्ष महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा, बिजनौर ने दी है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# शोभित शर्मा व अंकित सैनी को सम्मानित किया



आकाशवाणी के अधिकारी को सम्मानित करते हुए डॉक्टर जितेंद्र कौशिक।

**धामपुर (चिंगारी)।** हंगामा लोक सामाजिक,साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक व निर्मला कौशिक और संस्था की संस्थापिका राखी कौशिक व उपासना कौशिक द्वारा सहायक निर्देशक कार्यक्रम अधिकारी शोभित शर्मा व कार्यक्रम अधिशासी अंकित सैनी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डॉ. जितेन्द्र कौशिक ने बताया कि शोभित शर्मा हमेशा ही अपने पद की गरिमा को बनाये रखते है व युवाओं में एक रत्न है व उनके व्यवहार से साहित्यकार बहुत प्रभावित रहते है। अंकित सैनी भी युवाओं में एक रत्न है। इसलिए हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा शोभित शर्मा व अंकित सैनी को सम्मानित किया गया है।

# लोहिया अग्रवाल वैश्य धर्मशाला के संरक्षक महेश चन्द्र मित्तल का निधन

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर की लोहिया अग्रवाल वैश्य धर्मशाला के संरक्षक महेश चंद मित्तल का बीती रात हार्ट अटैक से निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। नगर की स्टेट बैंक कॉलोनी निवासी महेश चंद मित्तल पंजाब नेशनल बैंक से मैनेजर के पद से सेवानिवृत होने के बाद धार्मिक क्षेत्र से जुड़ गए थे। वह प्रतिवर्ष सत्यदेवानंद जी महाराज की शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी में होने वाली कथा में सहयोग करते थे। इसके अलावा लोहिया धर्मशाला की प्रबंध कार्यकारिणी में भी शामिल रहे थे। उन्होंने 1 वर्ष पूर्व मंदिर में भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी कराई थी। उनके पुत्र राजीव मित्तल व संजय मित्तल ने बताया कि रात 12 बजे अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। जब उन्हें डॉक्टर के यहां ले जाया गया तो उन्होंने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन का समाचार पाकर लोहिया धर्मशाला की प्रबंध समिति व समाजसेवियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। लोहिया धर्मशाला की प्रबंध समिति के संरक्षक देवकीनंदन, अरुण कुमार, अध्यक्ष राजीव गुप्ता सचिव पंकज जैन ने ईश्वर से पाथना की है कि वह दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और पीड़ित परिवार को यह अपूरणीय क्षति सहने की शक्ति प्रदान करें।



फाइल फोटो महेश चंद मित्तल

# भागवत ग्रंथ ही पितरों को प्रभु के चरणों में शरण दिलाने में सहायक है : पं. गौरव कृष्ण

## श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में कथा व्यास आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज ने बताया कि श्रीमद् भागवत ग्रंथ ही एक ऐसा ग्रंथ है, जो पितरों को प्रभु के चरणों की शरण दिलाने में सहायक सिद्ध होता है। इस अवसर पर आयोजित कलश यात्रा नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल को सम्मान प्रदान किया गया। नगर के मोहल्ला साहूवान स्थित गोयल भवन पर गोयल परिवार के संरक्षक स्वर्गीय रामकिशोर गोयल एवं संरक्षिका स्वर्गीय माता रमा देवी गोयल की पावन स्मृति में आयोजित इस सात दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान नगर के युवा समाजसेवी रविंद्र किशोर गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी श्वेता रानी गोयल, तापस गोयल बोना भैया, नित्या गोयल, जयंत गोयल, चिराग गोयल, मीनाक्षी गोयल, वृंदा अग्रवाल, अंकुर गोयल, हर्षा गोयल, अयांश गोयल, अद्रिका गोयल आदि रहे। पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित वैभव कृष्ण भारद्वाज ने संपादित कराया। कथा स्थल पर भजन गायक प्रतीक अग्रवाल, यशपाल शर्मा नादान तथा केशव पंडित ने अपने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कथा के दौरान श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज ने कथा स्थल पर पहुंचे अपने पिता श्री पंडित कृष्ण अवतार शर्मा और पूजनीय एवं वंदनीय माता कमलेश देवी शर्मा का आशीर्वाद पाते हुए व्यास पीठ पर आसीन होने का सौभाग्य अर्जित किया।



# दिगम्बर जैन मंदिर में आदिनाथ चालीसा के पाठ का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगम्बर जैन पचायती मन्दिर मे प्रथम तीर्थकार भगवान ऋषभदेव के निर्वाण महोत्सव पर शास्त्री दिवाकर जैन के सान्निध्य मे आदिनाथ चालीसा का पाठ कर आध्य समर्पण कर निर्वाण महोत्सव मनाया गया। वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र जैन ने निर्वाण महोत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया है कि प्रथम तीर्थकर भगवान ऋषभदेव कैलाश पर्वत से मोक्ष पधारे थे, उनके पुत्र भरत ने वहां कई चैत्यालयों का निर्माण कराया था। प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, उपमंत्री निशू जैन, भण्डारी पुनीत जैन, कोषाध्यक्ष दीपक जैन, राहुल जैन, भाविक जैन, वदान्त जैन, धीरज जैन, रश्मि जैन, वन्दना जैन, पीयूष जैन, रेना जैन, पूनम जैन, अक्षय जैन, रूकमणी जैन, स्वति जैन सहित काफी सख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।





डीएफओ कार्यालय पर धरना स्थल पर बैठे किसान।

# किसानों ने मांगों पर कोई ध्यान न दिये जाने पर रोष जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत का अपनी मांगों को लेकर डीएफओ कार्यालय पर चल रहा धरना-प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के नेतृत्व में 20 वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने उनकी मांगों पर कोई ध्यान न दिये जाने पर रोष जताते हुए 21 जनवरी को होने वाली जिले की मासिक पंचायत धरना स्थल वन विभाग कार्यालय नजीबाबाद पर आयोजित करने की घोषणा की। किसानों ने कहा कि वह झुकेंगे नहीं लड़ाई आर-पार की होगी। धरने पर मंडल उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह, सोनू, गिरिराज, सत्यपाल सिंह, अर्जेंद्र सिंह, पप्पू, जाहिद, शकील, विनीत, रोहित, युसूफ, रजत, अजीत, बिजेंद्र, जाहिद, बलराम सिंह, अनिल चौहान, नीतू, पवन, मोनू, सुभाष, हुकम, संदीप आदि शामिल रहे।

# शोएब सिद्दीकी का बीसीएल क्रिकेट लीग के लिए चयन




नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला मुगलूशाह निवासी शोएब सिद्दीकी पुत्र मोहम्मद असलम अंडे वाले का बिजनौर में आयोजित बीसीएल क्रिकेट लीग के लिए चयन हुआ है। बीसीएल क्रिकेट लीग का हाल ही में बड़ा टूर्नामेंट बिजनौर के वर्धमान कॉलेज में हुआ था। इस टूर्नामेंट में जिले भर के खिलाड़ी ट्रेल बेस पर सेलेक्ट हुए थे। इसी टीम में शोएब सिद्दीकी ट्रेल देकर सेलेक्ट हुए है। बीसीएल टीम नेपाल दौरे के लिए रवाना होने वाली है। 17 जनवरी 2026 को बीसीएल के ऑर्गेनाइजर शोएब सिद्दीकी को उनके वालिद मोहम्मद असलम व उनके बड़े भाई अमजद सिद्दीकी व अनस कस्सार की मौजूदगी में सेलेक्शन लेटर एवं बीसीएल इंडिया की ड्रेस व किट बैग देकर सम्मानित किया गया।

# खुर्शीद मंसूरी ने नजीबाबाद की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाये



नजीबाबाद (चिंगारी)। आजाद समाज पार्टी के कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद लगातार सड़क से लेकर संसद तक सर्वसमाज के मुद्दों को मजबूती से उठा रहे है। पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं नगर पंचायत साहनपुर के चैयरमेन खुर्शीद मंसूरी में क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लचर व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि अब तक क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। गरीब लोगों को अच्छे अस्पतालों में इलाज कराने के लिए लाखों रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी उन्हें टिकट देकर विधानसभा का चुनाव लड़ने का मौका देती है तो वह जनता से वादा करते हैं कि गरीबों के लिए सस्ता व बेहतर इलाज उपलब्ध कराएंगे। बैठक में वक्ताओं ने सभी समाज के लोगों से एकजुट होकर 2027 के विधानसभा चुनाव में उनके हाथों को मजबूत करने की अपील की। हाजी गफ्फार की अध्यक्षता एवं उबैद नजीबाबादी के संचालन में बैठक में हाशिम, हारून, मारूफ हुसैन, इरशाद अनस, अबरार, अफजाल सहित ग्राम लाठीपुरा, जहानाबाद, दाफरपुर, मीरापुर, हुसैनपुर, बौरंकी, कमालपुर आदि गांवों के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महिला को धमकाने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित बजरंग अपार्टमेंट की रहने वाली एक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता नीलम सिंह पत्नी मनोज कुमार ने बताया कि उसके पति मनोज कुमार द्वारा कपिल कुमार पुत्र गजपाल सिंह निवासी बल्दिया के खिलाफ पुलिस अधीक्षक बिजनौर को 14 जनवरी 2026 को एक प्रार्थना-पत्र दिया गया था। पीड़िता के अनुसार, यह प्रार्थना-पत्र कपिल कुमार द्वारा उसके व उसके पति के साथ धोखाधड़ी कर पैसा हड़पने के संबंध में दिया गया था। शिकायत के बाद से ही आरोपी कपिल कुमार उनसे अत्यधिक नाराज चल रहा है। पीड़िता का आरोप है कि 14 जनवरी 2026 की रात करीब 9:42 बजे कपिल कुमार अपने बेटे लकी, भतीजे विवान और एक-दो अज्ञात लोगों के साथ उसके फ्लैट पर पहुंचा और बाहर से ललकारते हुए गाली-गलौज करने लगा। इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। पूरी घटना फ्लैट में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। महिला ने बताया कि इसके बाद से उसकी लगातार रेकी की जा रही है। आरोपी कपिल कुमार अपनी साली रीना के माध्यम से उसके पति के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी भी दे रहा है। पीड़िता के मुताबिक उसी रात करीब 10:26 बजे आरोपी ने अपनी साली रीना को षड्यंत्र रचने के उद्देश्य से फ्लैट पर भेजा, यह घटना भी सीसीटीवी में कैद है। पीड़िता ने कहा कि आरोपी और उसके साथी शराब के नशे में देर रात आते हैं। ये गुंडा प्रवृत्ति के शातिर लोग हैं, जो कभी भी किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकते हैं। महिला ने पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने की बात कही है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने समाधान दिवस में सुनी पीड़ितों की फरियाद

**नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय तहसील के कवि दुष्यंत त्यागी सभागार में आयोजित समाधान दिवस में डीएम जसजीत कौर ने पीड़ितों की फरियाद सुनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायतों का समय से निस्तारण करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह के अंदर शिकायतों का निस्तारण करें। इस मौके पर एसडीएम शैलेंद्र सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह के साथ सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने समाधान दिवस के बाद निर्माणाधीन कोटद्वार मार्ग का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को मानकों के अनुरूप रोड का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिये।**

# मतदाताओं की सुविधा के लिए चलेगा विशेष अभियान

**18 व 31 जनवरी तथा एक फरवरी को बूथों पर उपस्थित रहेंगे बीएलओ**

बिजनौर (चिंगारी)। जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 6 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष अभियान तिथियां 18 जनवरी, (रविवार), 31 जनवरी, 2026 (शनिवार) एवं 1 फरवरी (रविवार) तय की गई हैं। इसके अतिरिक्त, एक चौथी विशेष अभियान तिथि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर सुविधानुसार निर्धारित की जाएगी।

विशेष अभियान तिथियों के दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी सहायक स्टाफ सहित निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे। बीएलओ के पास 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची के साथ-साथ दावे एवं आपत्तियों से संबंधित सभी आवश्यक फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित), 6ए, 7 एवं 8 (घोषणा-पत्र सहित) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को अभियान तिथियों की जानकारी देते हुए उनसे सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों का भी नियमानुसार सहयोग लिया जाएगा।

# नहटौर-शादीपुर मार्ग पर मौत बनकर खड़े सूखे पेड़

## हरे-भरे पेड़ों को काटने का परमिट जारी करने वाला विभाग सूखे पेड़ों को कटवाने में असफल

**मोहित शर्मा**

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहटौर-शादीपुर मार्ग पर सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़ राहगीरों के लिए बड़ी मुसीबत का सबब बने हुए हैं। यह पेड़ किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। आलम यह है कि हल्की हवा चलने पर भी इन पेड़ों की टहनियां टूटकर वाहनों और राहगीरों पर गिर रही हैं। हरे भरे आम के पेड़ को काटने का परमिट जारी करने वाला विभाग अपने सूखे पेड़ों को चिन्हित नहीं कर पाया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार वन विभाग के अधिकारियों को लिखित और मौखिक रूप से इन सूखे पेड़ों को कटवाने के लिए अवगत कराया है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार, विभाग की यह अनदेखी किसी दिन किसी बड़े हादसे को दावत दे सकती है। भारतीय किसान यूनियन की बैठक में भी यह मुद्दा जोर-शोर से उठा। किसान नेताओं ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर इन सूखे पेड़ों को तुरंत चिह्नित कर हटाने की मांग की है। यूनियन का कहना है कि प्रशासन तब जागता है जब कोई अप्रिय घटना घट जाती है, जबकि किसान और ग्रामीण लगातार विभाग को सचेत कर रहे हैं। लोगों ने जनहित में खतरा बने सूखे पेड़ों को जल्द से जल्द कटवाने की मांग की है। वहीं विगत दो सप्ताह में वन विभाग द्वारा नहटौर क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ों को काटने का परमिट जारी किया था और हाल ही में पुन: सैकड़ों पेड़ों के कटान का परमिट जारी करने की प्रक्रिया जारी है।


नहटौर-शादीपुर रोड पर सड़क किनारे खड़े सूखे पेड़।

### कूड़ा डालकर लगाई जा रही आग

**सड़क किनारे कूड़ा डालकर हरे पेड़ों को जलाया जा रहा है। सड़क किनारे खड़ी वन संपदा को जान-बूझकर नुकसान पहुंचाया जा रहा है, लेकिन वन विभाग पूरी तरह से अनजान बना हुआ है। इसके संबंध में पहले की कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। डिप्टी डेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि इस मामले में पूर्व में भी पालिका को नोटिस जारी किया गया था, अब वह पुनः नोटिस जारी करेंगे।**

### बोले डिप्टी रेंजर..

**वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि सूखे पेड़ों को चिन्हित किया जाएगा और निगम द्वारा उन्हें कटवाया जाएगा। नगर पालिका को कूड़ा डालने के लिए पहले भी नोटिस जारी किया जा चुका है।**

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नगीना ( चिंगारी )। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 15 जनवरी को नगीना थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में एक युवती के पिता ने ग्राम पुरैनी निवासी दिग्विजय उर्फ सोनू पर उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने तथा गलत काम करने का आरोप लगाया गया था। सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि पुलिस ने दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।**

## कॉलेज प्रबंध समिति के लिये नामांकन पत्र भरे


अरूण अग्रवाल


प्रदीप चौहान

**किरतपुर ( चिंगारी )। हिंदू इंटर कॉलेज किरतपुर की प्रबंध समिति के लिए कल नामांकन शुरू हुआ। उपाध्यक्ष पद के लिए अरुण गोयल रामा पेपर मिल, प्रबंधक पद के लिए अरुण अग्रवाल भट्टे वाले, उपप्रबंधक पद के लिए प्रदीप चौहान पत्रकार, कोषाध्यक्ष के लिए सत्येंद्र अग्रवाल तथा सदस्य के लिए कुंवर रविंदर सिंह, अरविंद राणा, अरविंद वर्मा, कृपाल सिंह राजपूत, शिवकुमार राजपूत, राकेश राजपूत, सुभाषचंद्र शर्मा ने नामांकन-पत्र भरे। चुनाव अधिकारी राजीव चौहान प्रधानाचार्य ने बताया कि सभी पदों के लिए एक-एक पर्चा आने के कारण लगभग इन सबका निर्विरोध बनना तय है और सभी नामांकन जांच में भी सही पाए गए।**

## जनता दल-यू में पदाधिकारी मनोनीत किये

**किरतपुर ( चिंगारी )।** जनता दल यूनाइटेड पार्टी की ओर से शनिवार को किरतपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें किरतपुर नगर व ब्लॉक की टीम को नियुक्ति-पत्र देकर उनको ज़िम्मेदारी दी। इस दौरान मेन बॉडी के जिला अध्यक्ष बिजनौर रिजवान अहमद व महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजरा खान ने किरतपुर टीम को नियुक्ति पत्र देकर उनको पद पर नियुक्त किया। वहीं उन्होंने काशिफ खान को मेन बॉडी बिजनौर का ब्लॉक अध्यक्ष तथा साबिर मलिक को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया और हिफजान खान को किरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष का पद देकर नियुक्त किया। आबिद पठान को किरतपुर नगर अध्यक्ष तथा खूबचंद नगर उपाध्यक्ष, मोहम्मद अदनान नगर सचिव, मोहम्मद तालिब सोशल मीडिया प्रमुख, मोहम्मद दानिश डेरीवाले महासचिव नियुक्त किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रिजवान अहमद व महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अजरा व उनके पति भोलू खान का सभी ने गर्मजोशी के साथ माला पहनकर स्वागत किया।



खबर सबसे पहले असर सबसे ज़्यादा चिंगारी

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा लड़का मोहसिन व उसकी पत्नी साजिदा मेरे कहने सुनने में नहीं है। मैंने सोच समझकर मोहसिन व साजिदा से सम्बंध समाप्त कर लिये हैं तथा समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में किसी भी कृत्य के लिये ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। - **अनीस पुत्र अ. अजीज, निवासी मौहल्ला अंसारियान, कस्बा व थाना किरतपुर, जिला बिजनौर।**

## दरांती हाथ में लेकर गुलदार से भिड़ गई वृद्ध महिला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** खेत में काम करने गई वृद्ध महिला पर गुलदार ने हमला कर उसे घायल कर दिया। परिजनों द्वारा घायल महिला को पीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। शनिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला निवासी आशा देवी पत्नी गजराम सिंह (60) खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान अचानक खेत से निकलकर एक गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। महिला ने तत्परता दिखाते हुए खुद को एक ओर हटा लिया। परंतु इस अचानक हुए हमले में उसकी साड़ी गुलदार के मुंह में फंस गई। जिसके बाद महिला ने बहादुरी दिखाते हुए अपने हाथ में मौजूद दरांती से गुलदार पर वार करने शुरू कर दिये, जिससे घबराकर गुलदार पीछे हट गया। महिला का शोर सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गुलदार को वहां से भगा दिया। वहीं इस दौरान दोनों के बीच हुए इस द्वंद्व में गुलदार के पंजे लगने से महिला के पैर में चोट आ गई। विदित हो कि बीते बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मद अलीपुर चौहड़ में गुलदार ने आधा दर्जन बकरियों को मौत के घाट उतार दिया था।



## रेडडी जी 28 को बिजनौर आयेंगे, कार्यकर्ता 400 बाइकों के साथ स्वागत करने जायेंगे



बैठक में शामिल हुए भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भारतीय किसान संघ की बैठक में अखिल भारतीय अध्यक्ष के स्वागत हेतु 400 मोटरसाइकिलों के साथ बिजनौर चलने का निर्णय लिया गया।

शनिवार को भारतीय किसान संघ की विकास खंड नजीबाबाद इकाई की मीटिंग ग्राम पंचायत सौफतपुर में डा. नीटू चौधरी के निवास स्थान पर आयोजित हुई। मीटिंग में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष के. साई रेड्डी के बिजनौर आगमन पर 28 जनवरी को जे.वी.एस. रिसॉर्ट बिजनौर में आहूत स्वागत समारोह में अधिक से अधिक संख्या में चलने का आहवान किया गया। बैठक में तय हुआ कि विकास खंड नजीबाबाद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता 400 मोटरसाइकिलें लेकर अनुशासन में बिजनौर पहुंचेंगे। बैठक में किसान संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह, जिला गन्ना प्रमुख डालचंद सिंह, विकास खंड अध्यक्ष सरजीत सिंह, खंड मंत्री अनुज कुमार, संजीव कुमार, कल्याण सिंह, रूपेन्द्र सिंह, प्रचार प्रमुख तिपेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, गजे सिंह, वीर सिंह सैनी, मामराज सिंह, दीवान सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार, कुलदीप कुमार, कामेन्द्र चौधरी, यशवीर सिंह, अनुज कुमार, रोहित कुमार मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने घर-घर जाकर फार्म-6 भरने की जानकारी दी



**नूरपुर ( चिंगारी )।** विशेष मतदाता गहन पुनिरीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन दिनेश चौधरी के नेतृत्व में भाजपाइयों ने नूरपुर नगर के शक्ति केन्द्र बीरबलपुर के बूथ संख्या 233 पर मतदाता सूची की समीक्षा करते हुए घर घर जाकर नए मतदाताओं को फार्म नम्बर 6 भरने की जानकारी दी। इस दौरान दिनेश चौधरी ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं का वोट बनवाकर उनका नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना चाहिए। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष निशान्त कर्णवाल, सतीश कुमार, प्रदीप राणा,बिजेन्द्र सिंह, वीरप्रकाश भुइयार,राहुल प्रजापति, बत्तू प्रधान, मंदीप चौधरी,राहुल यादव आदि उपस्थित रहे।

# अनुराग चौहान ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया की परीक्षा उत्तीर्ण की


अनुराग चौहान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल चौहान के पुत्र अनुराग चौहान ने बार काउंसिल आफ इंडिया द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इस दौरान शुक्रवार को लक्ष्य ग्रुप के छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण किया गया। चौहान एल एल एम ( मानव अधिकार ) से कर चुके हैं। अनुराग चौहान ने बताया कि इस कठिन परीक्षा का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई कानून स्नातक अभ्यर्थी भारत में किसी न्यायालय में लीगल प्रेक्टिस करने के योग्य है। अनुराग चौहान ने वार्ता पर बताया कि उनका एल एल एम मानव अधिकार से करने का उद्देश्य ये है कि सभी अपने अधिकारों को जानें तथा अपने जीवन को राष्ट्रहित में एक जागरूक नागरिक के रूप में व्यतीत करें।अनुराग चौहान लक्ष्य ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन के डायरेक्टर हैं और बेहद मृदुभाषी और मिलनसार शख्सियत के स्वामी हैं।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी के आश्वासन पर शिक्षकों का धरना समाप्त

**धामपुर ( चिंगारी )।** खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नालाल त्रिवेदी द्वारा शिक्षकों की मांगों से संबंधित पत्र जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेज दिए जाने के बाद शिक्षकों द्वारा बीआरसी कार्यालय पर दिया जा रहा धरना शनिवार की शाम समाप्त कर दिया गया है। आंदोलनकारी शिक्षकों का कहना है कि यदि शीघ्र ही उनकी समस्याओं का निवारण नहीं किया गया तो वह एक बार फिर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। शिक्षकों का आरोप है कि लिपिक नीरज कुमार द्वारा अपनाई जा रही हठधर्मिता के कारण चयन वेतनमान की प्रक्रिया लंबित है, शिक्षकों की सर्विस बुक पूर्ण नहीं है। इतना ही नहीं कुछ सर्विस बुक गायब कर दी गई है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नवनीत कुमार, अवनीश कुमार, संजय सिसौदिया, विश्वपाल सिंह, जय सिंह, चंद्रपाल सिंह, भुवनेश्वर सिंह, रामराज सिंह, दीपशिखा राजपूत, हेमंत कुमारी, श्वेता गॉड आदि शिक्षकों का कहना है कि पूर्व में भी अनेक बार शिक्षकों ने समस्याओं के बारे में अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन जब अधिकारियों ने उनकी समस्याओं को दूर किया जाना गवारा नहीं किया तो मजबूर होकर उन्हें आंदोलनात्मक मार्ग अपनाना पड़ा। उधर, खंड शिक्षा अधिकारी मुन्नालाल त्रिवेदी का कहना है कि शिक्षकों की मांगो से संबंधित यह पूरा मामला बीआरसी कार्यालय स्तर का नहीं है, इसलिए उन्होंने अपने स्तर से शिक्षकों की मांगों से संबंधित जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को अवगत करा दी है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों का धरना समाप्त हो गया है।

## पागल कुत्ते ने एक दर्जन लोगों को काटा

**हरेवली ( चिंगारी )।** निकटवर्ती गांव शहजादपुर में शनिवार को एक पागल कुत्ते ने गांव के एक दर्जन से अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया। इस पागल कुत्ते के डर से लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे। वहीं इस पागल कुत्ते ने अन्य कुत्तों को भी काटकर जख्मी कर दिया है, जिससे लोगों में डर है, कहीं अन्य कुत्ते भी इस बीमारी का शिकार न हो जाए। ग्रामवासियों ने शीघ्र ही प्रशासन से इस पागल कुत्ते से निजात दिलाने की मांग की है।

## धोखाधड़ी की शिकायत के बाद महिला को धमकाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के सिविल लाइंस स्थित बजरंग अपार्टमेंट में रहने वाली महिला ने एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता नीलम सिंह पत्नी मनोज कुमार निवासी फ्लैट नम्बर सी-2 बजरंग अपार्टमेंट ने बताया कि उनके पति मनोज कुमार द्वारा कपिल कुमार पुत्र गजपाल सिंह निवासी बलदिया के खिलाफ धोखाधड़ी व पैसा हड़पने के मामले में 14 जनवरी 2026 को पुलिस अधीक्षक बिजनौर को प्रार्थना पत्र दिया गया था।

आरोप है कि इस शिकायत से नाराज होकर कपिल कुमार ने अपने बेटे लक्की, भतीजे विवान व एक-दो अज्ञात लोगों के साथ 14 जनवरी की रात करीब 9:42 बजे पीड़िता के फ्लैट पर पहुंचकर गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार आरोपी शराब के नशे में थे और बाहर से ललकारते हुए लगातार धमकियां दे रहे थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि कपिल कुमार द्वारा उनकी लगातार रैकी कराई जा रही है तथा अपनी साली रीना के माध्यम से उनके पति के खिलाफ झूठा मुकदमा लिखवाने की धमकी दी जा रही है। 14 जनवरी की रात 10:26 बजे आरोपी ने साजिश रचने के उद्देश्य से अपनी साली को फ्लैट पर भेजा, जिसकी फुटेज भी सीसीटीवी में रिकॉर्ड है। इस मामले में बिजनौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## रूपपुर में देखा गया गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में आयेदिन किसी न किसी गांव में गुलदार धूमते दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।कल शाम भी क्षेत्र के ग्राम रूपपुर में गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वनविभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग की है। ग्राम रूपपुर निवासी ठा वेदप्रकाश चौहान ने बताया कि उनके परिवार वाले अपने घेर की छत पर धूप सेंक रहे थे,कि धेर के पीछे स्थित खेत में गुलदार दिखाई दिया। शोर मचाने पर गुलदार वहां से चला गया। गांव के नजदीक गुलदार के दिखाई देने से ग्रामीण विशेष कर किसानों में दहशत बनी हुई है। ठा. वेदप्रकाश चौहान ने वनविभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए गांव के जंगल में पिंजरा लगाये जाने की मांग की। मालूम हो कि एक जनवरी को गुलदार नगर के नजदीक ही एक पेड़ में बंधे तार में फंस गया था। वनविभाग की टीम उसे रेस्क्यू करने के लिए वहां पहुंच भी गई थी, लेकिन गुलदार वहां से भाग गया था।

## किसान नेताओं ने संगम में डुबकी लगाकर धर्म लाभ कमाया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** भाकियू टिकैत के प्रयागराज में आयोजित 4 दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर के समापन पर भाकियू पदाधिकारियों ने अपने अन्य साथियों के साथ गंगा यमुना और सरस्वती के पावन संगम पर स्नान कर धर्म लाभ कमाया। रविवार को भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, पूर्व युवा जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह उर्फ राजा आदि ने त्रिवेणी घाट पर स्नान कर अपने पितरों की सुख शांति की प्रार्थना की।

इस अवसर पर भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने बताया कि प्रतिवर्ष भाकियू के राष्ट्रीय चिंतन शिविर में देश भर के लाखों किसान संगम घाट पर धर्म की डुबकी लगा एक तरफ़ जहां धर्म लाभ पाते हैं, तो वहीं दूसरी तरफ एक दूसरे के साथ बैठ कर किसान हितों के लिए सरकार की किसान विरोधी नीति के खिलाफ़ आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि हजारों किसानों ने संगम में डुबकी लगाकर धर्म लाभ कमाया।

## पूर्व चेयरमैन अब्दुल सलाम और इदरीस कुरैशी के निधन से अफ़ज़लगढ़ में शोक

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर में दो मोअज्जिज़ और निहायत मिलनसार शख्सियतों के इंतेकाल से शोक की लहर दौड़ गई। दोनों मरहूमीन की नमाज़े जनाज़ा में नगर के उलेमा, दानिश्वर, समाजसेवी और बड़ी संख्या में आम लोगों ने शिरकत की। बाद नमाज़े जनाज़ा उन्हें उनके आबाई क़ब्रिस्तान में सुपुर्दे-ख़ाक किया गया।


हाजी अब्दुल सलाम का फाइल फोटो

नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन और अफजलगढ़ नगर के पहले अध्यक्ष हाजी अब्दुल सलाम (90 वर्ष) का लम्बी बीमारी के बाद इंतेकाल हो गया। मरहूम हाजी अब्दुल सलाम वर्ष 1971 से 1977 तक नगरपालिका चेयरमैन रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नगर की तर्क़्क़ी, बुनियादी सुविधाओं और तालीम के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। मरहूम अपनी पूरी ज़िंदगी सादगी, नमाज़-रोज़े की पाबंदी और समाजसेवा के लिए जाने जाते रहे। उनकी शख्सियत निहायत मिलनसार थी और वे हर तबके में सम्मान के साथ याद किये जाते थे। वहीं नगर के जाने-माने इदरीस कुरैशी (होटल वाले) का भी लम्बी बीमारी के बाद इंतेकाल हो गया। मरहूम इदरीस कुरैशी भी नमाज़-रोज़े के पाबंद, नेकदिल और समाजसेवी इंसान थे। दोनों मरहूमीन के आवास पर ताज़ियत करने वालों का तांता लगा हुआ है। उनकी नमाज़े जनाज़ा में क़ारी अब्दुल रहमान, मुफ़्ती नईम अहमद, क़ारी शकील फैज़ी, मौलाना मुख्तार अहमद, शेख सुलेमान, पूर्व चेयरमैन नफ़ीस कुरैशी, डॉ. मौ. इरफान, औरंगज़ेब, मौ. रिज़वान, मौ. जावेद, मौ. फ़ैज़, डॉ. मौ. शाहिद, चेयरपर्सन पति जावेद विकार, शमीम अहमद भट्टे वाले, भोले कुरैशी, मौ. अयाज़, मौ. उवैस, शेख मौ. ज़ैद समेत अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। उधर मदरसा फ़ैज़ुल उलूम में सुबह फ़ज्र की नमाज़ के बाद खुसूसी तौर पर इसाले सवाब और मग़फिरत की दुआ की गई।

# गद्दा लेकर जाऊंगा, रेल मंत्री के ऑफिस में धरना दूंगा- चंद्रशेखर



कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अधूरे पड़े अंडरपास के कार्य का निरीक्षण करते सांसद चंद्रशेखर आजाद।

**नगीना ( चिंगारी )। नगीना में कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अधूरे पड़े अंडरपास का कार्य यदि जल्द पूरा नहीं हुआ, तो गद्दा लेकर रेल मंत्री के ऑफिस में आऊंगा, वहीं धरना दूंगा। शनिवार को नगीना में कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर अधूरे पड़े अंडरपास के कार्य को देखकर नाराज हुए सांसद चंद्रशेखर ने यह बात मोबाइल पर रेल मंत्रालय में मौजूद एक अधिकारी से फोन पर कही।**

शनिवार की दोपहर करीब 12:30 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सांसद चंद्रशेखर आजाद नगीना के कालाखेड़ी रेलवे फाटक पर पहुंचे, जहां उन्हें लोगों ने अधूरे पड़े अंडरपास के कार्य को दिखाया। लोगों ने उनसे नगीना-कोतवाली मार्ग पर बने रेलवे फाटक पर अभी तक ओवर ब्रिज नहीं बनाए जाने की शिकायत भी की। सांसद ने मौके से ही रेलवे के बड़े अधिकारी से फोन पर बात कर उन्हें चेतावनी दी कि यदि अंडरपास का कार्य शीघ्र पूरा नहीं कराया तो वह रेल मंत्री के दफ्तर में धरना देंगे। इसके बाद उन्होंने विद्युत वितरण खंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रोडवेज बस स्टैंड परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने रोडवेज के आरएम से मोबाइल पर नगीना से ओखला के लिए बस चलवाने की बात कही। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बदहाल पड़े शौचालय पर नाराजगी जताते हुए अधिशासी अधिकारी से इसे नया बनवाने की निर्देश दिये। सांसद ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पहुंचकर माल्यार्पण किया तथा गुरुद्वारे में शीश नवाया। गुरुद्वारे में सांसद को सरोपा भेंट किया गया। दो दिन पूर्व सड़क हादसे में मारे गये युवक उजैर के घर पहुंचकर भी सांसद ने शोक जताया। अंत में सांसद पार्टी के युवा नेता शेख परवेज पाशी के घर आयोजित रिक्शा चालकों के कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां ई रिक्शा चालकों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। इस मौके पर शेख परवेज पाशी, दीपक कुमार, आरिफ मलिक, विवेक सैन, रोहित सागर, असलम सिद्दीकी, रईस अहमद कुरैशी, इरशाद मुल्तानी, तनवीर अख्तर आदि मौजूद रहे।



नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते सांसद चंद्रशेखर।



नगीना स्थित गुरुद्वारे में सांसद का स्वागत करते गुरुद्वारे के पदाधिकारी।

## कश्यप समाज की आवाज़ को दबाने का प्रयास कर रही भाजपा-वीके कश्यप

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सोनू कश्यप को जिंदा जलाए जाने को लेकर कश्यप समाज में भारी आक्रोश है। कश्यप समाज के लोगों ने इस अत्याचार के खिलाफ कमिश्नरी मेरठ में आवाज उठानी चाही जिसे भाजपा सरकार ने दबाने का कार्य किया। कश्यप संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी. के. कश्यप एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकार निरंकुश हो चुकी है। 18 जनवरी को सोनू की रस्म पगड़ी (तेरहवीं) दौराला के एक मण्डप में होनी तय हुई थी लेकिन प्रशासन ने अनुमति नहीं देने के नाम पर उसे रोक दिया। वीके कश्यप ने कहा कि हमारे लोगों को डराया गया धमकाया गया, हिन्दू-हिन्दू जपने वाली ये सरकार प्रभु राम के मित्र रहे हमारे महाराजा निषाद राज के वंशजों को हिन्दू संस्कृति में रस्म पगड़ी भी नहीं होने दे रही। भाजपा सरकार सारी संवेदनाएं खो चुकी है पर वीरांगना फूलन देवी, दशरथ मांझी, महर्षि कश्यप जी के वंशज ये अन्याय और अत्याचार अब सहन नहीं करेंगे। हमारा समाज सरकार बना सकता है तो सरकार बनाने से रोक भी सकता है। श्री कश्यप ने कहा कि भाजपा लगातार हमारे समाज की उपेक्षा कर रहीं है। पहले हमारे इतिहास को मिटाने के उद्देश्य से महर्षि कश्यप निषाद राज की जयन्ती पर होने बाले अवकाश को रद्द किया गया,फिर हमारा आरक्षण रोका। वीके कश्यप ने कहा अब समाज जाग चुका है। अन्याय और अत्याचार के खिलाफ डटकर संघर्ष करेगा। इस अवसर पर समाज के लोगों ने सोनू कश्यप को श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि देने वालों में राहुल कश्यप, मोनू कश्यप, कोमल कश्यप, रंजीत कश्यप, कपिल कश्यप, संदीप कश्यप, संजीव कश्यप, डॉ. पंकज कश्यप, मा.पवन, नीरज कश्यप, अरुण कश्यप, प्री ओम कश्यप आदि शामिल रहे। सभी ने सरकार से सोनू कश्यप के परिजनों को 50 लाख मुआवजा, एक सरकारी नोकरी और हत्या में शामिल सभी लोगों को संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर फांसी दिये जाने की मांग की।



## मिनी स्टेडियम बनाने की मांग पकड़ रही जोर



**चांदपुर ( चिंगारी )।** युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से ग्राम सराय शेख हबीब में फायर स्टेशन के पास खाली पड़ी भूमि पर मिनी स्टेडियम का निर्माण कराये जाने की मांग दिन-प्रतिदिन जोर पकड़ती जा रही है। शनिवार को विभिन्न संगठनों,शिक्षण संस्थाओं से जुड़े लोगों, पूर्व सैनिकों व्यापारियों व चिकित्सकों ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन देकर ग्राम स्याऊ में मिनी स्टेडियम के निर्माण की मांग की। उपजिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम सराय शेख हबीब में फायर स्टेशन के पास खसरा नंबर 321 खाली पड़ा है, इस भूमि में मिनी स्टेडियम का निर्माण करा दिया जाये तो क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिल सकेगा। ज्ञापन देने वालों में पूर्व सैनिक कल्याण समिति इकाई चांदपुर के अध्यक्ष चौधरी मुनेश कुमार, ज्ञान प्रकाश वर्मा, विनेश त्यागी सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य, कुमार सेन गौतम, डा. भूपेंद्र तोमर, डा. दुर्गेश चौधरी, जाट सभा के अध्यक्ष ई. अनिल सिंह, सुभाष चंद्र वर्मा, जगत शर्मा कृष्णवीर शर्मा फौजी, वीरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, कपिल गोयल, नदीम प्रधान ग्राम शेख हबीब, राहुल बंसल, अरुण अग्रवाल ,मीनू राजपूत, सतीश शर्मा, राजीव कुमार, संजीव कुमार, रोहित कुमार, पंकज अग्रवाल, महिपाल भाटी, विजय सिंह एडवोकेट अध्यक्ष क्षत्रिय समाज, कुलदीप सिंह जिलाध्यक्ष युवा ग्रामीण विकास समिति, संदीप चौहान अध्यक्ष बार एसोसिएशन चांदपुर, मा. चमन सिंह, मा. देवेंद्र सिंह, आशू गोयल आदि सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।


**कार्यालय नगर पंचायत जलालाबाद ( बिजनौर )**

**दिनांक-17/01/2026**

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावित पक्षों को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि आसिम खान पुत्र अच्छन खान निवासी मौ. प्रेमनगर, जलालाबाद द्वारा अपनी सम्पत्ति (मकान-स्थित मौ. प्रेमनगर जलालाबाद) नगर पंचायत के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अपना नाम दर्ज किए जाने हेतु बजरिये बैनामे के आधार पर आवेदन-पत्र दिया है। अत: प्रभावित पक्षों/व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम दर्ज करने में यदि कोई दावा/आपत्ति हो तो वह पंचायत कार्यालय में सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित अपने दावों को प्रस्तुत कर सकते है। अपूर्ण दावा/आपत्ति एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

**-अधिशासी अधिकारी**

**नगर पंचायत जलालाबाद, बिजनौर**



**कार्यालय सहायक अभियन्ता-द्वितीय**

**पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, बिजनौर**

**नीलामी प्रेस विज्ञप्ति**

इस उपखण्ड के अन्तर्गत किरतपुर आवासीय कालोनी परिसर के प्रांगण में खड़े सेमल-01, यूकेलिप्टिस-03 कुल 04 हरे पेड़ों की नीलामी स्थान किरतपुर आवासीय कालोनी परिसर में दिनांक 22.01.2026 को समय प्रात: 11.00 बजे की जायेगी। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि नीलामी से पहले मौके पर निरीक्षण एवं नियम शर्तों हेतु श्री दलीप सिंह कार्यवाहक जिलेदार मोबाइल नम्बर 8171243790 से सम्पर्क कर सकते हैं, इच्छुक व्यक्ति धरोहर धनराशि 8000.00 (आठ हजार) का बैंक ड्राफ्ट अधिशासी अभियन्ता, पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, बिजनौर के पक्ष में देय हो, को जमा करके नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं एवं व्यक्ति को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अपने साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड मूलरूप में तथा एक-एक छायाप्रति एवं एक नवीन फोटो लाना अनिवार्य होगा। पेड़ों की कटाई व ढुलाई का व्यय, जी.एस.टी. कर एवं किसी भी प्रकार का अतिरिक्त कर विभाग द्वारा उच्चतम बोलीदाता को नहीं दिया जायेगा। नीलामी प्रक्रिया में अन्तिम निर्णय एवं निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधिशासी अभियन्ता का होगा।

**(पुष्पेन्द्र कुमार बर्मन)**

**सहायक अभियन्ता-द्वितीय**

**पूर्वी गंगा नहर निर्माण खण्ड-4, बिजनौर**

# तीसरे दिन 1179 युवाओं ने अग्निवीर भर्ती में दिखाया दमखम

## यह गनीमत रही कि उनके साथ रहा मौसम


कोटद्वार के गबर सिंह कैंप में अग्निवीर भर्ती रैली में लौंग जंप के लिए दौड़ लगाते उत्तरकाशी के युवा।

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय लैंसडाउन की ओर से कोटद्वार के कौड़िया स्थित गबर सिंह कैंप में चल रही भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन शनिवार को उत्तरकाशी जिले की बड़कोट, भटवाड़ी, चिन्यालीसौड़, धौंतरी, डुंडा, जोशियाणा, पुरोला और राजगढ़ी तहसीलों के पंजीकृत 1179 अभ्यर्थियों ने भर्ती रैली में भाग लिया। मौके पर यूपी, यूके सेना भर्ती उपमहानिदेशक संजीव कुमार मंडल ने भर्ती स्थल का निरीक्षण किया और युवकों की हौसला अफजाई करते हुए सेना की ओर से की गई रैली की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। तीसरे दिन भी मौसम ने युवाओं का पूरा साथ दिया, हालांकि सुबह के समय आसमान में काले बादल छाये हुए थे, लेकिन कुछ देर बाद मौसम खुल गया। भर्ती रैली के लिए सुबह चार बजे से प्रवेश स्थल काशीरामपुर तल्ला स्थित मैदान में युवा जुटने शुरू हो गए थे। आधार कार्ड सत्यापन व प्रवेश पत्रों की जांच के बाद युवाओं को भर्ती मैदान में ले जाया गया। इस दौरान युवाओं ने शारीरिक मापदंड में अपना दमखम दिखाया। सेना की ओर से निर्धारित समय में दौड़ पूरी करने वाले युवा शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए जाएंगे। सेना के विशेषज्ञ शारीरिक दक्षता और शिक्षा विभाग के कर्मचारी उनके शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की जांच करेंगे। इसके बाद चयनित युवाओं का मेडिकल परीक्षण होगा। भर्ती में आज- 18 जनवरी रविवार को चमोली की जिलासू, उत्तरकाशी की मोरी व रुद्रप्रयाग व ऊखीमठ तहसीलों के पंजीकृत 1168 युवा रैली में शामिल होंगे।

## कोटद्वार को इन्दौर जैसा स्वच्छ नगर बनायें - आयुक्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकी नगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को नगर आयुक्त पीएल शाह की अध्यक्षता में स्वच्छ सर्वेक्षण कार्यक्रम 2025-26 के अन्तर्गत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम में नगर निगम की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को स्रोत पर कचरा पृथक्कीकरण, कचरे को न जलाने एवं कचरा जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभाव, कचरे को इधर-उधर न फेंककर नगर निगम की कूड़ा गाड़ी में ही डालने, ट्रिपल आर सेंटर व इको ब्रिक्स पर विस्तार से जानकारी दी गई। नगर आयुक्त पी एल शाह ने कहा कि यदि हम मन में निश्चय कर लें तो कोटद्वार को भी इन्दौर जैसा स्वच्छ एवं साफ-सुथरा बनाया जा सकता है। आवश्यकता सिर्फ नागरिक दायित्वों एवं अनुशासन की है। हमें सूखे एवं गीले कूड़े को अलग-अलग कर नगर निगम के कूड़ा वाहन में डालना है और कूड़े को इधर-उधर नहीं फेंकना है। कार्यक्रम के अन्त में सभी छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी, कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण टीम के एसबीएम कोर्डिनेटर प्रेम सागर, आरआरआर सेन्टर की संचालिका सपना, आइईसी कोर्डिनेटर विक्रान्त भण्डारी व विद्यालय के समस्त आचार्य वआचार्या मौजूद रहे।

## कार की ट्रक से टक्कर कार चालक हुआ घायल



**लालढांग ( चिंगारी )।** हरिद्वार-नजीबाबाद हाईवे पर बाहर पीली के पास एक कार की खड़े ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार चालक घायल हो गया। पुलिस ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार को एक कार एम्स ऋषिकेश से शेरकोट (बिजनौर) जा रही थी, जैसे ही कार बाहर पीली स्थित कुंडी सोटेश्वर मंदिर के समीप पहुंची, तभी कार चालक को नींद की झपकी आ गई और वह कार पर संतुलन नहीं बन पाया और हाईवे किनारे खड़े ट्रक से कार जा टकरायी, जिसमें कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही श्यामपुर पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने कार चालक अरुण कुमार को बाहर पीली स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष मनोज शर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है।

## अगर आपके पास नहीं हैं वाहन के पूरे कागजात टोल निकासी पर चालान कट जायेगा अपने आप

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में अब आपके वाहन के पूरे कागज ना होने पर टोल प्लाजा पर निकासी की गई तो तुरंत चालान कट जाएगा। राज्य के सात टोल प्लाजा पर ई-डिटेक्शन प्रणाली शुरू कर दी गई है इसमें फास्टैग से टोल कटते ही वाहन के नंबर के आधार पर परमिट, पंजीकरण, फिटनेस, प्रदूषण, बीमा और रोड टैक्स से जुड़े कागजात ऑनलाइन स्कैन हो जाएंगे राज्य में पहले चरण में सिर्फ परमिट, बीमा और फिटनेस के उल्लंघन के चालान कटेंगे। परिवहन उपायुक्त शैलेश तिवारी ने बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार और गुजरात के बाद उत्तराखंड यह प्रणाली को लागू करने वाला पांचवां राज्य है। उत्तराखंड परिवहन विभाग ने एनआईसी के सहयोग से स्वचालित प्रणाली को विकसित कर लागू किया है। 15 वर्ष से अधिक पुराने वाहनों की पहचान भी इसमें होगी, जिनका पंजीकरण समाप्त हो गया है और रिन्यूवल नहीं कराया गया है। उत्तराखंड में ई-डिटेक्शन प्रणाली पहले चरण में हरिद्वार में बहादराबाद, भगवानपुर, देहरादून में लच्छीवाला, ऊधमसिंह नगर में नगला पड़ी, बुढ़ी, माला, खेड़िया टोल प्लाजा, ई-डिटेक्शन प्रणाली टोल प्लाजा के कैमरे से जुड़ी होगी।

## छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों की जानकारी दी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं को किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्यालय में प्रवक्ता पद कार्यरत रविंद्र सिंह रावत की पुत्री डॉ. सृष्टि रावत ने छात्राओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक बदलाव, हार्मोनल परिवर्तन, मासिक धर्म से संबंधित आवश्यक जानकारियां, स्वच्छता का महत्व, संतुलित आहार, मानसिक स्वास्थ्य, आत्मसम्मान तथा आत्म-सुरक्षा जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। कहा कि इस आयु में होने वाले परिवर्तन पूरी तरह प्राकृतिक होते हैं और इन्हें लेकर किसी प्रकार की झिझक या भय की आवश्यकता नहीं है। इस दौरान छात्राओं ने भी डॉ. सृष्टि रावत से प्रश्न पूछे जिनका उत्तर उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. शोबेंद्र जोशी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जनपद में पीएम आवास योजना अन्तर्गत 4594 पात्रों को आवास मिल चुके अब तक



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्रामीण अंचलों में प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016 से 2024 के बीच 4594 पात्र परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास मिल चुका है। सर्वे-2024 के तहत सभी विकासखंडों में 12379 नये आवासों के लिए सर्वे पूरा कर लिया गया है। यह सर्वे तीन चरणों में किया जाता है और इसकी वैधता पांच वर्षों तक रहती है, ताकि वास्तविक जरूरतमंद ही योजना से जुड़ें। अब जिला स्तरीय समिति द्वारा पात्र लोगों को चिन्हित कर आगे की प्रक्रिया तेज की जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना सिर्फ मकान बनाने की योजना नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के जीवन को मजबूत आधार देने की पहल है। योजना के तहत वर्ष 2016-17 में 215 का लक्ष्य पूरा, 2017-18 में 184 का लक्ष्य हासिल, 2020-21 में 860 का लक्ष्य पूर्ण, 2021-22 में 147 का लक्ष्य प्राप्त, 2022-23 में 2049 के सापेक्ष 2043 आवास, 2023-24 में 1146 के सापेक्ष 1145 परिवारों को घर मिला है।

## पुलिस ने निकाली यातायात जागरूकता रैली



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** 36वें सड़क सुरक्षा माह के तहत कोटद्वार में यातायात जागरूकता रैली निकाली गई। वाहन चालकों एवं आमजन को 'सड़क सुरक्षा -जीवन रक्षा' का संदेश देकर जागरूक किया गया। 16 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देशन में कोटद्वार पुलिस द्वारा एक व्यापक यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली को पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती निहारिका सेमवाल ने मालवीय उद्यान से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मालवीय उद्यान से प्रारंभ होकर झंडा चौक, तीलू रोतैली चौक, देवी मंदिर तिराहा, बालासौड़ तिराहा होते हुए पुनः तीलू रोतैली चौक पर संपन्न हुई। यातायात जागरूकता रैली के माध्यम से वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, तेज गति एवं नशे की अवस्था में वाहन न चलाने, तथा ट्रैफिक सिग्नल व सड़क संकेतों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर यातायात नियमों से संबंधित फ्लेक्स/होर्डिंग लगाए गए, तथा आमजन को जागरूकता पंफ्लेट एवं बैनर वितरित कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# जांच के लिये कुत्ते को ले गई टीम



**नगीना ( चिंगारी )**। क्षेत्र के ग्राम नंदपुर में स्थित नंदलाल देवता महाराज के मंदिर में परिक्रमा करने वाले कुत्ते को ट्रस्ट की टीम इलाज के लिए ले गई है। सभी तरह की जरूरी जांच व इलाज के बाद कुत्ते को वापस गांव के मंदिर में ही छोड़े जाने की शर्त के साथ ग्रामीणों ने उसे ट्रस्ट की टीम के साथ जाने दिया।

नगीना-बढ़ापुर पर स्थित ग्राम नंदपुर का प्राचीन मंदिर पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र व आसपास के लोगों के लिए श्रद्धा का बड़ा केंद्र बन गया है। इस मंदिर में एक कुत्ते द्वारा पहले हनुमान जी की मूर्ति तथा बाद में मंदिर की 72 घंटे तक की गई लगातार परिक्रमा से यह मंदिर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आ गया। गांव ही नहीं बल्कि जनपद व दूर दराज के इलाकों के हजारों की संख्या में श्रद्धालु रोज इस मंदिर में आकर पूजा-अर्चना के काम में लग गए हैं। श्रद्धालु इसे भगवान भैरव का स्वरूप मानकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। ग्रामीणों का दावा है कि पिछले चार दिनों से लगातार मंदिर में भंडारा चल रहा है तथा अगले एक सप्ताह तक लोगों ने भंडारे बुक कर दिये हैं। करीब रोजाना चार से पांच हजार की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं।

बिजनौर के ग्राम पेदी में स्थित प्रेम पथ एनिमल शेल्टर के पदाधिकारी डॉक्टर संध्या रस्तोगी, अश्वनी चित्रांश व विशाल पिछले तीन दिन से ग्राम नंदपुर में ही कैंप लगाकर कुत्ते का स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज कर रहे थे। अश्वनी चित्रांश ने बताया कि प्रारंभिक जांच में कुत्ते को इंफेक्शन मिला, जिसका इलाज कर दिया गया। इसके उपरांत उसने खाना-पीना प्रारंभ कर दिया है। उन्होंने बताया कि संभावना है कि कुत्ता किसी मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो, इसके लिए ग्रामीणों के सहयोग से उनके ट्रस्ट के पदाधिकारी बड़ी जांच कराने के लिए उसे नोएडा व दिल्ली ले गए हैं।

I, Mohammad Yusuf S/o Abdul Gafoor R/o House No. 90, Near National Bakery, Mohalla Julahan, Bijnor, Uttar Pradesh. That I have changed my name from Mohammad Yusuf To Mohd Yusuf






## महिला ने लगाया मकान पर अवैध क़ब्ज़े का आरोप

### एसपी से की इंसाफ की गुहार

**बिजनौर ( चिंगारी )**। नजीबाबाद के मोहल्ला जाफराबाद तालाब वाली मस्जिद निवासी एक वृद्ध महिला ने अपने पैतृक मकान पर अवैध कब्जे और पैमाइश रोके जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से इंसाफ की गुहार लगाई है।

पीड़िता लायका पत्नी नफीस अहमद का कहना है कि वह पिछले लगभग 40 वर्षों से बिजनौर में निवास कर रही है। उसके भाई ने चांदपुर स्थित अपना पैतृक मकान बेचकर बिजनौर में मकान बनवाया था। भाई अमीर की मृत्यु के बाद उसकी पत्नी शकीला ने वह मकान बेचकर धामपुर के मोहल्ला नई सराय में दूसरा मकान खरीद लिया।

पीड़िता के अनुसार, उसके दोनों भाइयों अमीर और शकील की कोई संतान नहीं थी। दोनों भाइयों व भाभी का निधन हो चुका है। ऐसे में वह अपने भाइयों की संपत्ति की वैध वारिस है। आरोप है कि उक्त आवास पर भाई अमीर की साली व उसके परिजनों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है।

पीड़िता का कहना है कि विपक्षीगण ने उसके धेवते सोनी पुत्र नसीम को लालच देकर अपने पास रख लिया और मकान में हिस्सा देने का झांसा दिया, जबकि उनका उस मकान से कोई कानूनी संबंध नहीं है। महिला का आरोप है कि दबंगों द्वारा मकान की चौहद्दी की पैमाइश नहीं होने दी जा रही है। वृद्ध महिला ने बताया कि वह अब मेहनत करने में असमर्थ है और मकान बेचकर कोई छोटा कारोबार करना चाहती है, लेकिन अवैध कब्जे और पैमाइश में बाधा के कारण वह ऐसा नहीं कर पा रही है।

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि पुलिस को निर्देशित किया जाए, ताकि उसके मकान की विधिवत चौहद्दी की पैमाइश कराई जा सके और उसे न्याय मिल सके।